संक्षेप | हिंदुस्तान कानपुर 20/01/2022

# पर्यावरण युवा संसद में दम दिखाएंगे 8 छात्र

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में बुधवार को पर्यावरण सुरक्षा समिति ने पर्यावरण युवा संसद 2022 कार्यक्रम किया। विवि के पर्यावरण नोडल अधिकारी डॉ. वाईके सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को तीन चरणों में किया गया। पहला चरण विश्वविद्यालय स्तर पर हुआ है। दूसरा चरण उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड स्तर के और तीसरे चरण में राष्ट्रीय स्तर का युवा संसद कार्यक्रम होगा। विवि स्तर पर प्रज्ञा त्रिपाठी, पूजा कुमारी, उम्मेद सिंह, विदिशा त्रिपाठी, सुकृति श्रीवास्तव, अनुष्का मेहरोत्रा, वंशिका शर्मा व तमन्ना का अगले स्तर पर चयन हुआ। अध्यक्षता विवि के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने किया।

वर्ष 16 अंक 20 पृष्ठ-8 मूल्य-1 रू0 कानपुर, गुरूवार 20 जनवरी 2022

कानपुर व औरैया से एक साथ प्रकाशित, लखनऊ, इलाहाबाद, बुंदेलखंड, फतेहपुर, इटावा, कन्नौज, मैनपुरी, ऐटा, हरदोई, उन्नाव, कानपुर देहात में प्रसारित

RNI N.UPHIN/2007/27090


दैनिक नगर छाया

आप की आवाज़.....



# सीएसए द्वारा पर्यावरण युवा संसद कार्यक्रम संपन्न

कानपुर (नगर छाया समाचार)। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर की पर्यावरण सुरक्षा समिति द्वारा पर्यावरण युवा संसद 2022 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पर्यावरण नोडल अधिकारी डॉ वाई. के. सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण में विश्वविद्यालय स्तर पर द्वितीय चरण में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य स्तर पर तथा तृतीय चरण में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम होंगे। विश्वविद्यालय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है,जिसमें छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया तथा विभिन्न आवंटित विषयों पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर डी.आर.सिंह ने बताया कि देश के युवा ही भारत का भविष्य है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनकी जागरूकता देश को एक नया आयाम प्रदान करेगी उनका प्रयास ही भारत को सबल एवं विश्व में अग्रणी बना सकता है। कार्यक्रम में निदेशक शोध डॉक्टर करम हुसैन, वानिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मुनीश गंगवार, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ धर्म सिंह एवं डॉक्टर शालिनी वर्मा सहायक प्राध्यापक जैव प्रौद्योगिकी विभाग जूरी के रूप में उपस्थित रहे। जूरी सदस्य छात्र एवं छात्राओं का उत्साह देखकर अत्यंत प्रसन्न थे। डॉ सिंह ने बताया कि



इस कार्यक्रम में 40 से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।जूरी सदस्यों के अनुसार पर्यावरण संरक्षण में देश के युवा मील के पत्थर साबित होंगे। कार्यक्रम के अंत में आयोजक डॉ वाई के सिंह ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि प्रतिभागी छात्रों में से 8 छात्र-छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड प्रतियोगिता हेतु किया जाएगा। जो कि दिनांक 21 जनवरी 2022 को संपादित की जाएगी। तथा पुनः चयनित छात्र 27 जनवरी 2022 को होने वाली राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता जो कि भारतीय संसद में आयोजित की जाएगी प्रतिभाग करेंगे। डॉ.सिंह ने कानपुर शिक्षण संस्थाओं के पर्यावरण प्रेमी युवाओं को एक प्लेटफार्म पर लाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा कानपुर के सभी प्रबुद्ध जनों को पर्यावरण सुरक्षा समिति चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर को सहयोग कर साथ जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रेमी नोडल अधिकारी के मोबाइल नंबर 9451 169013 पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

अमर उजाला कानपुर 20/01/2022

# पर्यावरण युवा संसद में छात्रों ने रखे विचार

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार को पर्यावरण युवा संसद का आयोजन किया गया। पर्यावरण नोडल अधिकारी डॉ. वाईके सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण विवि स्तर पर, द्वितीय चरण उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड स्तर और तृतीय चरण में राष्ट्रीय स्तर पर यह कार्यक्रम होगा। बुधवार को हुई संसद में छात्रों ने पर्यावरण संबंधी विभिन्न विषयों पर विचार रखे। इनमें से आठ छात्रों का चयन 21 जनवरी को होने वाली उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। इसमें से चुने गए छात्र 27 जनवरी को संसद में होने वाली राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में युवाओं की जागरुकता देश को एक नया आयाम देगी। (संवाद)

दैनिक जागरण कानपुर 20/01/2022

एक नजर में

# पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की अहम भूमिका

कानपुर : पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की अहम भूमिका है। बुधवार को यह बात सीएसए के कुलपति डा. डीआर सिंह ने आनलाइन युवा संसद 2022 को संबोधित करते हुए कही। नोडल अधिकारी डा. वाईके सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में 40 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी छात्रों में से आठ प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय यूपी एवं उत्तराखंड प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा। चयनित छात्र 27 जनवरी को होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होंगे। निर्णायक मंडल में निदेशक शोध डा. करम हुसैन, वानिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मुनीश गंगवार, सीएसजेएमयू के पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. धर्म सिंह, डा. शालिनी वर्मा शामिल रहीं। जासं

Sign in to edit and save changes to this file.



# युवा संसद में 8 प्रतिभागी चयनित, 21 जनवरी को प्रतियोगिता में शामिल होंगे

कानपुर, 19 जनवरी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पर्यावरण सुरक्षा समिति की ओर से पर्यावरण युवा संसद 2022 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पर्यावरण नोडल अधिकारी डॉ वाई के सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण में विश्वविद्यालय स्तर पर, द्वितीय चरण में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य स्तर पर तथा तृतीय चरण में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न आवंटित विषयों पर छात्र- छात्राओं ने अपना पक्ष प्रस्तुत किया। प्रतिभागी छात्रों में से 8 छात्र-छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड प्रतियोगिता हेतु किया जाएगा, जोकि 21 जनवरी 2022 को संपादित की जाएगी। इसके बाद चयनित छात्र 27 जनवरी 2022 को होने वाली राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता जो कि भारतीय संसद में आयोजित की जाएगी प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ डीआर सिंह ने बताया कि देश के युवा ही भारत का भविष्य है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनकी जागरूकता देश को एक नया आयाम प्रदान करेगी। उनका प्रयास ही भारत को सबल एवं विश्व में अग्रणी बना सकता है।